दो एक्सप्रेस ट्रेनों को घंसौर एवं केवलारी स्टेशन पर मिली ठहराव की सुविधा

जबलपुर 11 जनवरी। यात्रियों की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा जबलपुर से गुजरने वाली रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस का घंसौर स्टेशन पर एवं शहडोल-नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का केवलारी स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव देने का निर्णय लिया गया।

1) गाड़ी संख्या 11756/11755 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस दोनों दिशाओ में दिनांक 14 जनवरी 2024 से घंसौर स्टेशन पर ठहराव प्रारम्भ किया। रीवा से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11756 का घंसौर स्टेशन में आगमन/प्रस्थान रात्रि 23:36/23:38 बजे एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11755 का घंसौर स्टेशन में आगमन/प्रस्थान मध्य रात्रि 00:13/00:15 बजे रहेगा।
2) गाड़ी संख्या 11202/11201 शहडोल-नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस दोनों दिशाओ में दिनांक 14 जनवरी 2024 से केवलारी स्टेशन पर ठहराव प्रारम्भ किया। शहडोल से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11202 का केवलारी स्टेशन में आगमन/प्रस्थान दोपहर 12:05/12:07 बजे एवं नागपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11201 का केवलारी स्टेशन में आगमन/प्रस्थान दोपहर 13:14/13:16 बजे रहेगी।

यात्री रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस, रेल मदद 139 से भी रेलगाड़ी के ठहराव की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/688/2024 दिनांक 11.01.2024
सम्माननीय संपादक,
कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर